न्यायालय उपखण्ड अधिकारी (झुन्झुनू)
पीठासीन अधिकारी मुरारी लाल शर्मा आर.ए.एस.

प्रार्थना पत्र संख्या 05/2019(पत्थर गड़डी)

दिलीप सिंह पुत्र श्री सुगन सिंह राजपूत निवासी चिराना तहसील नवगलढ जिला झुन्झुनूं राज्य राजस्थान

—प्रार्थी /आवेदक

बनाम

1. अजय सिंह पुत्र गुलाब सिंह
2. भवर कवर पत्नी गुलाब सिंह, जाति राजपूत निवासीगण चिराना तहसील नवलगढ जिला झुन्झुनूं
3. तहसीलदार नवलगढ तहसील नवलगढ जिला झुन्झुनूं

—अप्रार्थी/अनावेदकगण

प्रार्थना पत्र : अं.धारा 111, 128 रा0 भू0 रा0 अधि0 1956

निर्णय

निर्णय दिनांक 01.07.2019

आवेदक द्वारा प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया गया कि राजस्व ग्राम धीवां की ढाणी पटवार हल्का टोडपुरा तहसील नवलगढ जिला झुन्झुनूं राज. की तन मे भूमि खाता संख्या 60 के अन्तर्गत भूमि खसरा नम्बर 646 रकबा 2.48है0, खसरा नम्बर 647 रकबा 2.48है0, खसरा नम्बर 648 रकबा 2.30है0 कुल किता 3 कुल रकबा 7.26है0 स्थित है जिसमें प्रार्थी का हिस्सा 1/2 राजस्व रिकार्ड मे दर्जशुदा है तथा अनावेदक/ अप्रार्थी संख्या 1 व 2 का 1/4 –1/4 हिस्सा रिकॉर्ड मे दर्जशुदा है प्रार्थी अपने हिस्से की भूमि पर काश्त व काबिज है जो प्रार्थी की खातेदारी की भूमि है। प्रार्थी खसरा नम्बर 646 रकबा 2.48है0, खसरा नम्बर 647 रकबा 2.48है0, खसरा नम्बर 648 रकबा 2.30है0 कुल किता 3 कुल रकबा 7.26है0 में अपने हिस्से 1/2 पर काबिज है तथा प्रार्थी की भूमि के पाडौस मे सहखातेदार अनावेदकगण की भूमि की सीमा स्थित है। जो आये दिन क्षति पहुचाते है, सीमा को काटते है, सीमा को लेकर आये दिन विवाद करते है। जिससे मौके पर शातिभग होने का अंदेशा उत्पन्न हो गया है। प्रार्थी ने अपने भूमि सुरक्षा हेतु भूमि खसरा नम्बर 646 रकबा 2.48है0, खसरा नम्बर 647 रकबा 2.48है0, खसरा नम्बर 648 रकबा 2.30है0 कुल किता 3 कुल रकबा 7.26है0 हैक्टर में अपने हिस्से 1/2 की भूमि की पत्थरगड्डी करवाना चाहता है।

प्रार्थना पत्र प्रस्तुत होने पर दर्ज पंजिका किया गया तथा तलबी अनावेदक की गई। अत बहस पक्षकारान सुनी गई जिसमे अनावेदक को पत्थरगड्डी पर कोई एतराज नही है तथा पत्रावली पर उपलब्ध रिकार्ड का अवलोकन किया गया। नकल जमाबंदी ग्राम धीवा की ढाणी पटवार हल्का टोडपुरा की जमाबंदी सम्वत 2075–2078 के अनुसार भूमि खसरा नम्बर 646/2.48है0,647/2.48है0,648/2.30है किता 3 कुल रकबा 7.26है0 की खातेदारी अजय सिंह पुत्र गुलाब सिंह हिस्सा 1/4 जाति राजपूत, दिलीम सिंह पुत्र सुगनसिंह हिस्सा 1/2 जाति राजपूत राहिन हिस्सा1/2 स्टेट बैंक ऑफ इंडिया शाखा चिराना मुर्तहीन, भवर कवर पत्नी गुलाबसिंह हिस्सा 1/4 जाति राजपूत सा चिराना खातेदार दर्ज रिकार्ड है। तहसीलदार नवगलढ की ओर नायब तहसीलदार नवलगढ ने उपस्थित होकर निवेदन किया है कि पक्षकार सहमत होने पर भूमि की पत्थरगड्डी करने पर कोई आपती नही है।

इस संबध मे प्रस्तुत फर्द मौका सीमाज्ञान का अवलोकन किया गया जिसके अनुसार पटवारी हल्का द्वारा ग्राम धीवा की ढाणी के भूमि खसरा नम्बर 646/2.48है0,647/2.48है0,648/2.30है किता 3 कुल रकबा 7.26है0 का सीमाज्ञान प्रार्थी व उनके परिजनो की उपस्थिति मे मौके का सीमा ज्ञान किया गया। चूंकि पूर्व मे आवेदक की खातेदारी भूमि का

उपखण्ड अधिकारी
नवलगढ

Scanned by CamScanner

सीमाज्ञान राजस्व कर्मियों द्वारा करवाया जा चुका है आवेदक अपनी काश्त भूमि की पत्थरगड्डी कराना चाहता है। अतः आवेदक का प्रार्थना स्वीकार किया जाना न्यायोचित होने के कारण स्वीकर किया जाता है।

आदेश

आवेदक का प्रार्थना पत्र पत्थर गडी स्वीकार किया जाता है। ग्राम धीवा की ढाणी के भूमि खसरा नम्बर 646/2.48है0,647/2.48है0,648/2.30है किता 3 कुल रकबा 7.26है0 का मुताबिक सीमाज्ञान पत्थरगडी किये जाने के आदेश दिये जाते हैं। आवागमन का प्रचलित रास्ता/सडक इस आदेश से बाधित नही होगा। तहसीलदार नवलगढ को आदेशित किया जाता है कि मुताबिक आदेश आवेदक से नियमानुसार शुल्क जमा राज लिया जाकर उक्त भूमि की पत्थरगडी करवाई जावे। तहसीलदार नवलगढ को तहरीर जारी हो। पत्रावली फैसल सुमार होकर नम्बर से कम हो तथा बाद तकमील कार्यवाही जाप्ता दाखिल दफ्तर हो। निर्णय आज दिनांक 01.07.2019 को मेरे हस्ताक्षर द्वारा खुले न्यायालय मे सुनाया गया।

(मुरारी लाल शर्मा)
उपखण्ड अधिकारी
नवलगढ

उपखण्ड अधिकारी
नवलगढ़

उपखण्ड अधिकारी एवं पदेन सहायक कलेक्टर ★ नवलगढ़ ★

Scanned by CamScanner